हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 12 जुलाई 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 खुद को अमेरिका रिटर्न बताकर त्योंदा में ग्रामीणों...



08 56 मूंग खरीदी केंद्र हुए स्वीकृत लेकिन 44 पर हो...



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री चौहान आज लेंगे दिशा की बैठक

**विदिशा।** केंद्रीय कृषि तथा किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज शनिवार को विदिशा में कार्यक्रमों में शामिल होंगे। आज दोपहर 12.45 बजे वह विदिशा आएंगे। दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट में आयोजित दिशा की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रात में वह विदिशा में ही रुकेंगे।



### 200 झांकी संचालक आज होंगे पुरस्कृत

**विदिशा।** श्री दुर्गा उत्सव चल समारोह का आज शनिवार को पुरस्कार किया जाएगा। यह कार्यक्रम ऑडिटोरियम में होगा। हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि दोपहर में 3 बजे से कार्यक्रम शुरु होगा। लगभग 200 झांकियों को पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन भक्तों ने दुर्गा जी की झांकियां लगाई थीं और दुर्गा उत्सव चल समारोह में शामिल हुए थे। इनमें से जिनका पंजीयन पहले हो चुका था उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार वितरण रंगई मंदिर के गुरुदेव श्री 1008 विशंभर दास रामायणी के सानिध्य में होगा।

### प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार योजना के आवेदन 31 तक

**विदिशा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन जमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। ऐसा बच्चा जो भारतीय नागरिक हो तथा भारत में निवास करता हो। जिनकी आयु 5 वर्ष से अधिक हो तथा 18 वर्ष से अधिक न हो (संबंधित वर्ष की 31 जुलाई तक)। कार्य, घटना, उपलब्धि, उस वर्ष के आवेदन, नामांकन की अंतिम तिथि से पूर्ववर्ती 2 वर्षों के भीतर की होनी चाहिए। नामांकन https:// awards. gov.in वेबसाइट पर किया जाना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत,पदक प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की संख्या 25 है। यह अधिकतम संख्या प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार समिति के विवेकाधिकार से बढ़ाई जा सकती है।

### प्रभारी मंत्री लखन पटेल का दौरा आज

**विदिशा।** जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज शनिवार को विदिशा आएंगे। वह सुबह 8.30 बजे दमोह जिले से प्रस्थान कर दोपहर 11.30 बजे सर्किट हाउस विदिशा में कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। दोपहर 12.30 बजे जिला योजना समिति एवं दिशा की बैठक में शामिल होंगे। बैठक के बाद शाम 4 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### जिला समन्वयक ने सेक्टर का भ्रमण किया

**विदिशा।** लटेरी के बलरामपुर सेक्टर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने भ्रमण किया कर आगामी कार्यक्रम नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्ययोजना की समीक्षा की। ब्लॉक समन्वयक द्वारा प्रत्येक ग्राम में की गई तैयारी की जानकारी दी गई एवं बलरामपुर सेक्टर की नवांकुर संस्था ग्राम चांदपुर में नर्सरी, संस्कार केंद्र बलरामपुर, वाचनालय, जनसूचना केंद्र का निरीक्षण किया गया। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए गए कार्य में बलरामपुर बाबाजी महाराज मंदिर परिसर स्थित बावड़ी का अवलोकन किया।

### रेशम योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए

**विदिशा।** मप्र शासन कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग भोपाल द्वारा रेशम संचालनालय की प्रचलित मलबरी रेशम योजना अंतर्गत कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले के कृषक, विभागीय मलबरी रेशम उत्पादन हेतु प्रचलित योजनान्तर्गत ई-रेशम पोर्टल https:// eresham. mp.gov.in पर आवेदन निर्धारित समयावधि में दर्ज करा सकते हैं।

## शिक्षा विभाग ने प्राचार्यों को आदेश दिया, लेकिन दौड़ रहे शिक्षक

# अब सीआर कैसे रहेगी गोपनीय ? शिक्षकों से ही कहा... लाकर जमा करो चरित्रावली

**शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों से ही मंगाई जा रही गोपनीय चरित्रावली के कारण शिक्षक परेशान हैं। 2017 से अब तक शिक्षक जहां- जहां भी पदस्थ रहा उसे संबंधित क्षेत्र में जाकर स्कूल, संकुल प्राचार्य और बीईओ कार्यालय से हस्ताक्षर कराने पड़ रहे हैं। जबकि यह काम प्राचार्य, संकुल प्राचार्य और बीईओ को करना था।**

### पदोन्नति के लिए मांगी जा रही है सीआर, भटकते फिर रहे शिक्षक

शिक्षा विभाग में लंबे समय से पदोन्नति नहीं हो सकी है। इसी पदोन्नति के लिए यह सीआर मांगी जा रही है। जबकि सभी शिक्षक पदोन्नति के दायरे में नहीं आ रहे हैं। जैसे कि वर्ग-3 में नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों की योग्यता 12वी थी लेकिन उन्होंने आगे पढ़ाई नहीं की है तो वे पदोन्नति की पात्रता ही नहीं रखते हैं। इसके अलावा स्नातक और स्नातकोत्तर की योग्यता भले ही प्राप्त कर ली हो लेकिन पदोन्नति तो शिक्षा विभाग में उपलब्ध पद और वरिष्ठताक्रम के अनुसार ही पदोन्नति दी जा सकेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षकों से वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-2025 तक की गोपनीय चरित्रावली (सीआर) मांगकर पूरी कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़ा कर दिया है।

हालांकि जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा यह पत्र प्राचार्य, संकुल प्राचार्य एवं बीईओ के नाम जारी किया गया है। पदोन्नति के लिए शिक्षकों से सीआर मांगी तो जिलेभर के सभी वर्गों के शिक्षक परेशान हैं। इसमें सबसे बड़ी खामी तो यह है कि शिक्षक के हाथ में उसकी सीआर पहुंचना ही नहीं चाहिए। यह सिर्फ विभागीय प्रक्रिया है और प्राचार्य के द्वारा ही यह लिखी जाती है और संकुल स्तर पर इसका रखरखाव किया जाता है। शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जब इसकी जरूरत होती है तब संकुल प्राचार्य के कार्यालय से मंगवा लिया जाता है। इसके बाद वापस संकुल प्राचार्य को भेज दी जाती है। लेकिन जिले में शिक्षा विभाग ने फरमान जारी करके 7 जुलाई की सुबह 11 बजे तक गोपनीय चरित्रावली जमा करने के लिए कहा है। यह तारीख निकल चुकी है लेकिन फिर भी ऐसे में शिक्षक जहां-जहां पदस्थ रहे वहां जाकर पुनः इसको एकत्रित करने में जुट गए हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन शिक्षकों को हो रही है जो अन्य जिलों में पदस्थ रह चुके हैं। ऐसे शिक्षकों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इसके अलावा जिले में भी ऐसे शिक्षकों की संख्या हजारों में है जो जिले में ही अलग-अलग शालाओं में नौकरी कर चुके हैं।

### शिक्षक के हाथ में नहीं आना चाहिए सीआर

किसी भी शासकीय कर्मचारी की गोपनीय चरित्रावली देखने या पढ़ने के लिए नहीं दी जा सकती है। यह तो सिर्फ वरिष्ठ अधिकारी द्वारा लिखी जाती है और उसके नियंत्रण में इसे गोपनीय तरीके से लिखकर सुरक्षित रखा जाता है। जब शिक्षक से ही उसकी सीआर मंगवाई जा रही है तो ऐसे में वह गोपनीय कहां रह पाएगी। लेकिन शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों ने इस महत्वपूर्ण गोपनीय तथ्य को पूरी तरह नजरअंदाज कर शिक्षकों को ही सीआर जमा करने की जिम्मेदारी सौंप दी है।

### संज्ञान लेकर जरूरी कदम उठाए जाएंगे

यह आदेश प्राचार्य, संकुल प्राचार्य और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को जारी किए गए हैं। यह बात सही है कि गोपनीय चरित्रावली शिक्षकों के हाथ में यह नहीं पहुंचना चाहिए। शिक्षकों से ही सीआर मंगवाई जा रही है तो यह गंभीर चूक है। संज्ञान लेकर जरूरी कदम उठाया जाएगा।
**- शशि मिश्रा**, ज्वाइंट कलेक्टर एवं प्रभारी शिक्षा विभाग विदिशा।

# निशुल्क आवासीय कोचिंग के लिए 400 आदिवासी विद्यार्थियों का होगा चयन

## शिक्षा विभाग नहीं दिखा रहा योजना में रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र सरकार की जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित आकांक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए 400 मेधावी आदिवासी विद्यार्थियों को जेईई, नीट एवं CLET जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं की निशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की जाना है, लेकिन इस योजना में शिक्षा विभाग जरा भी रुचि नहीं ले रहा है।

योजना के तहत भोपाल में 200 विद्यार्थियों को जेईई की कोचिंग की जाना है। वहीं इंदौर मुख्यालय में 200 विद्यार्थियों का चयन कर जबलपुर में CLET की कोचिंग प्रदान की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को संभागीय मुख्यालयों पर पूरी तरह निशुल्क आवासीय सुविधा, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, टेबलेट, तथा इंटरनेट और डेटा प्लान भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### इनको होगी पात्रता

- मध्यप्रदेश का मूल निवासी और जनजाति वर्ग का सदस्य होना अनिवार्य।
- परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक न हो।
- कक्षा 10वीं में कम से कम 60% अंकों से उत्तीर्ण होना जरूरी।
- वर्ष 2025-26 में कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले वर्तमान 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे।

### चयन प्रक्रिया

चयन कोचिंग संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्राप्त मेरिट अंकों के आधार पर होगा। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं–12वीं की पढ़ाई के साथ दो वर्षों तक जेईई, नीट या **CLET** की सघन तैयारी करवाई जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी एमपीटास पोर्टल **www.tribal.mp.gov.in** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि यह योजना राज्य के प्रतिभाशाली आदिवासी छात्रों को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश दिलाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है ताकि वे इंजीनियरिंग, मेडिकल और कानून जैसे क्षेत्रों में उज्ज्वल भविष्य बना सकें।

### बीआरसी ने किया स्कूलों का निरीक्षण




**शमशाबाद।** बीआरसी ईश्वर प्रसाद शर्मा ने स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला भगवानपुर शाला प्रभारी अनुपस्थित पाई गईं। वहीं शिक्षिका प्रियंका नामदेव उपस्थित थीं। शासकीय माध्यमिक शाला चौड़याई, प्राथमिक शाला डुडया का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने निर्माण कार्य, बच्चों की उपस्थिति, पुस्तक वितरण और मध्यान्ह भोजन वितरण की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाला प्रभारियों को निर्देश दिए कि यदि भवन की छत से पानी टपकता है तो उस कक्ष में पढ़ाई न कराई जाए। जीर्ण-शीर्ण भवनों को ध्वस्त करने के सख्त निर्देश प्रधानाध्यापकों को दिए।

## हम्माल की संदिग्ध हालात में मौत परिजन को जहर खाने की आशंका

### काम से घर लौटते समय बिगड़ी तबीयत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में गुरुवार को एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने आशंका जताई है कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान 41 वर्षीय प्रवीण लोधी के रूप में हुई है, जो करैयाखेड़ा रोड स्थित सांवरिया कॉलोनी में रहते थे। वह हम्माली का काम करते थे और उनके तीन बेटे हैं। गुरुवार सुबह वे काम पर गए थे, लेकिन लौटते समय अचानक उल्टियां होने लगीं। परिजनों को सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे और उन्हें जिला अस्पताल ले गए। वहां से इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।




### पीएम रिपोर्ट का इंतजार

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम किया। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### विदिशा से उदयपुर तक कांवड़ यात्रा आज

**विदिशा।** महागौरी मंदिर बोल बम कावड़ यात्रा सेवा समिति के तत्वाधान में 11वीं भव्य कावड़ यात्रा आज शनिवार सुबह 10 बजे से निकाली जाएगी। आयोजन समिति के गौरव सेन, अजय कुशवाह ने बताया सुबह 8 बजे बेतवा नदी बंगला घाट से सभी कावड़ियों द्वारा जल भरकर महागौरी माता मंदिर डंडापुरा से सुबह 10 बजे कावड़ यात्रा प्रारंभ होगी जो मुख्य मार्ग बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकासा, माधवगंज कांच मंदिर शिवालय से होते हुए पीतरमील चौराह होते हुए नीलकंठ महादेव उदयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। आयोजन समिति के मुख्य अतिथि सौरभ सिंह राजपूत ने बताया कावड़ यात्रा में टिगरा वाले संत वीरेंद्र दास महाराज, कथा व्यास पंडित अंकित कृष्णा तेनगुरिया, आचार्य पंडित विशाल कृष्णा बिट्टू महाराज, पंडित अनिल शर्मा महागौरी माता मंदिर पुजारी उपस्थित रहेंगे।

## पिपलधार स्कूल में ठेकेदार ने अधूरा छोड़ा खेल मैदान निर्माण, शिक्षक-छात्र परेशान

### मधुसूदनगढ़ की धाकड़ कंस्ट्रक्शन कंपनी को 5 लाख में दिया था ठेका

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पिपलधार के स्कूल का खेल मैदान निर्माण अधूरा छोड़ दिये जाने दलदल में तब्दील हो गया है। जिससे बच्चे न खेलकूद कर पा रहे हैं और न ही स्कूल परिसर में आसानी से आवाजाही हो रही है।

प्रभारी प्राचार्य कृष्णकांत महावर ने बताया कि स्कूल में खेल मैदान बनना था। ठेकेदार ने मैदान को खोदकर उसमें मुरम और लाल मिट्टी डाल दी, लेकिन इसके बाद कोई काम नहीं किया। बारिश के चलते खुदा हुआ मैदान पानी से भर गया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार को दो लेयर डालनी थी लेकिन उसने सिर्फ एक लेयर डालकर काम बंद कर दिया। खेल मैदान बनाने का काम मधुसूदनगढ़ की धाकड़ कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया था।



विदिशा। पूरे खेल परिसर में इस तरह से भरा हुआ है पानी।

निर्माण कार्य के लिए तीन माह का समय और पांच लाख रुपए का ठेका स्वीकृत किया गया था। प्राचार्य के अनुसार ठेकेदार ने बारिश का बहाना बनाकर कहा कि बजरा नहीं मिल रहा, इसलिए दूसरी लेयर नहीं डाल पा रहा है। इस मामले में आरईएस के उपयंत्री श्रवण नामदेव ने कहा कि ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि वह जल्द से जल्द खुदाई किए गए मैदान को वापस भरकर दुरुस्त करे, ताकि बच्चों को हो रही परेशानी दूर हो सके।

## खाद्य विभाग ने मांसाहार दुकानों की जांच कर नमूने एकत्रित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खाद्य सुरक्षा प्रशासन, नगरपालिका और पशुपालन विभाग के संयुक्त दल ने नगरीय क्षेत्र के खाई रोड स्थित मांसाहारी दुकानों का औचक निरीक्षण कर जांच की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन ई पन्ना, नपा कर्मचारी विजय वाघमारे, पशुचिकित्सक आरबी बघेल ने मांसाहारी खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई के संबंध में सख्त निर्देश दिए गए एवं प्रतिष्ठानों में मेट लगाना, कूड़ेदान को ढंक कर रखने और बचे हुए अवशेष को समय पर नष्ट करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### सैंपल भी लिया



खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन ई पन्ना द्वारा 9 जुलाई को डोमिनोज पिज्जा से भी खाद्य पदार्थ पनीर, गार्लिक चाइनीज का नमूना जांच हेतु एकत्रित किया गया है तथा 10 जुलाई को खाई रोड स्थित दावत रेस्टोरेंट से चिकन करी, चिकन बिरयानी के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। एकत्रित किए गए उक्त सभघ नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

## अपना घर आश्रम में लगा कानूनी सहायता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रति माह आयोजित किए जाने वाले कानूनी सहायता शिविरों की श्रृंखला में आज अपना घर आश्रम, विठ्ठल नगर में कानूनी सहायता शिविर लगाया गया।

शिविर का उद्देश्य आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों एवं जरूरतमंदों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना तथा उनके पारिवारिक और संपत्ति संबंधी विवादों के समाधान में मदद करना है।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेंद्र सिंह तौमर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अंबुज श्रीवास्तव ने आश्रम में रह रहे लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। विशेष रूप से आश्रम में पिछले 7 माह से रह रहे कुरावर जिला राजगढ़ निवासी पप्पू चौहान के मामले में अधिकारियों ने गंभीरता दिखाई। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने पर उन्हें भोपाल से रेस्क्यू कर विदिशा लाया गया था, किंतु स्वस्थ होने के बाद भी उनके परिजन उन्हें लेने नहीं आ रहे हैं। बताया गया कि उनके नाम पर पुश्तैनी भूमि भी है। अधिकारियों ने पप्पू चौहान को आश्वस्त किया कि वे एक आवेदन दें, जिससे उनके परिजनों से संपर्क स्थापित कर कानूनी प्रक्रिया द्वारा उन्हें उनका अधिकार दिलवाने में हरसंभव सहायता की जाएगी। शिविर में आश्रम के सभी 110 लोग उपस्थित रहे।



## बैठकः 7 ब्लॉक में बनाए जाएंगे शतरंज एसोसिएशन पदाधिकारी




**विदिशा।** मगधम इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को जिला शतरंज एसोसिएशन विदिशा के पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया की जिला स्तरीय प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जाएगा। जिले के सातों ब्लॉकों में पदाधिकारी बनाए जाएंगे और ब्लॉक खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जाएगा। बैठक में जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सोमिल पलोड, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अटल तिवारी एवं श्रवण लड्ढा, कोषाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, सचिव आकाश थापा, सहसचिव घनश्याम तिवारी, सदस्य रुक्मणी लोधी, मनीष अहिरवार, साक्षी शर्मा उपस्थिति रहे। बैठक में सभी ने विश्वामित्र अवॉर्डी कोच दिलीप सिंह थापा का स्वागत अभिनंदन किया।

## रथ को रवाना कर कलेक्टर बोले गमलों में पानी जमा नहीं होंने दें

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मलेरिया-डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। जिला अस्पताल से एक रथ रवाना हुआ है, इसमें माइक, पोस्टर और पंपलेट के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव के बारे में बताया जाएगा।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि पिछले साल जिले में मलेरिया का कोई केस नहीं मिला लेकिन मच्छरों की संख्या अधिक होने से डेंगू का खतरा है। स्वास्थ्य विभाग ने बचाव के लिए कई सुझाव दिए हैं। घरों में पानी जमा न होने दें। कूलर और गमलों का पानी नियमित बदलें। मच्छरदानी का उपयोग करें। पूरी बाजू के कपड़े पहनें। विभाग जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मना रहा है। जिला चिकित्सालय परिसर से मलेरिया व डेंगू जन जागरूकता रथ को रवाना किया गया।

जागरूकता रथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जाएगा। यह माइक, पोस्टर और पंपलेट के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगा। स्वास्थ्य विभाग जुलाई में जिलेभर में विशेष अभियान चलाएगा। इसमें दवा छिड़काव, सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। कीटनाशकों का सीमित और प्रभावी प्रयोग किया जाएगा।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में पुलिस ने 150 में से 90 प्रकरण निपटाए

**विदिशा।** सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में पुलिस ने 150 में से 90 प्रकरणों का निराकरण कर दिया है। एसपी रोहित काशवानी ने स्वयं जनता की शिकायतों को सुना।

एसपी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में एक दिवसीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में 30 जून 2025 की स्थिति में लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 150 आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 90 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष प्रकरणों पर भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्वयं फरियादियों से चर्चा कर समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों को निष्पक्ष और वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।



## गुलाबगंज में 5 लाख की चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुलाबगंज

सब्जी विक्रेता गुलठु साहू के बेटे के घर अज्ञात लोगों ने बीती रात धावा बोल दिया। जिसमें 3 लाख 50 हजार के सोने चांदी के आभूषण और डेढ़ लाख रुपए नकदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। परिवार के लोग शादी कार्यक्रम में बाहर गए थे। जब वापस आकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है। थाना प्रभारी मोहर सिंह का कहना है कि कुछ साक्षय मिले हैं। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2686
उच्चतम भाव- 3011
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2612
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2420
उच्चतम भाव-2420
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5634
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3265
उच्चतम भाव-3421
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-3100
मसूर
न्यूनतम भाव-4050
उच्चतम भाव-7190
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-8030
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3090
उच्चतम भाव-4326
मूंग
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-7425
उड़द
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-6170
अलसी
न्यूनतम भाव-6650
उच्चतम भाव-6650
धनिया
न्यूनतम भाव-6220
उच्चतम भाव-6250

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 7888 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### पूर्व राष्ट्रपति कलाम की मूर्ति लगाने की मांग

**गंजबासौदा।** मुस्लिम समाज के लोगों ने नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा नगर में लगाने की मांग की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि उनकी प्रतिमा लगने से शहरवासी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। जिस पर सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने शीघ्र प्रतिमा स्थापित कराए जाने का आश्वासन दिया।

### करंट लगने से युवक गंभीर घायल

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को अंबानगर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर पर विद्युत लाइन दुरुस्त करते समय एक युवक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बिजली विभाग के लाइनमैन परमिट लेकर कार्य कर रहे थे। इस दौरान घरेलू पंप लाइन दुरुस्त करने प्रायवेट कर्मचारी राकेश मालवीय निवासी जरोद ट्रांसफार्मर चढ़ा हुआ था। कार्य करते समय बिजली आ जाने से राकेश गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे तुरंत लाइनमैन अस्पताल ले गए, जहां से उसे उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया।

### त्योंदा में झोलाछाप डॉक्टर पर मिली फर्जी डिग्री, त्योंदा रोड पर क्लीनिक किया सील

# खुद को अमेरिका रिटर्न बताकर त्योंदा में ग्रामीणों का कर रहा था उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर लगातार प्राइवेट क्लीनिकों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान नगर सहित ग्रामीण अंचलों में अनेक झोलाछाप डॉक्टर सामने आ रहे हैं जो बगैर डिग्री या फर्जी डिग्री के क्लीनिक संचालित कर रहे थे। शुक्रवार को त्योंदा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शाम के समय एक फर्जी डॉक्टर शिवराम दांगी की क्लीनिक को सील कर दिया। दांगी खुद को अमेरिका से पढ़कर आया डॉक्टर बताता था। जब स्वास्थ्य विभाग की टीम क्लीनिक पहुंची तो वहां मरीजों का इलाज चल रहा था। टीम ने जब डॉक्टर से डिग्री मांगी तो उसने एक अमेरिकन इंस्टिट्यूट का सर्टिफिकेट दिखाया। यह सर्टिफिकेट मान्यता प्राप्त नहीं था। साथ ही उसके पास क्लिनिक चलाने की अनुमति भी नहीं थी। क्लिनिक में एक बेड लगा हुआ था, कई तरह की दवाएं रखी हुई थीं।

बीएमओ डॉक्टर प्रमेंन्द्र तिवारी ने बताया कि डॉक्टर के पास न तो कोई वैध डिग्री थी और न ही क्लिनिक संचालन की अनुमति। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिवराम दांगी अमेरिका से पढ़कर आने की बात कहकर ग्रामीण क्षेत्र के सीधे-साधे लोगों को अपने जाल में फंसाता था। इस झांसे में आकर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में मरीज उनके पास इलाज के लिए आते थे। कार्रवाई के दौरान बीएमओ डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी के साथ त्योंदा तहसीलदार ऋतु राय, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस जवान मौजूद थे। क्लीनिक सील होने की खबर क्षेत्र में फैल गई। लोगों का कहना है कि अमेरिका का नाम लेकर एक झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहा था। टीम ने मामले में आरोपी डॉक्टर के खिलाफ क्या कार्रवाई की जिसकी जानकारी नहीं दी गई है।

वहीं गुरुवार को जांच के दौरान त्योंदा रोड पर अनाधिकृत रूप से चल रही एक क्लीनिक जिसमें मेडिकल की दवाइयां भी रखी हुई थी, उसे सील किया गया। डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी ने बताया कि सुमित मालाकार द्वारा एक क्लीनिक अनाधिकृत रूप से संचालित की जा रही थी। इसमें मेडिकल दवाइयों का स्टाफ भी रख पाया गया, जिसे नियम अनुसार सील किया गया है। कार्रवाई के दौरान विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी, नायब तहसीलदार अनुराग रावत, मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष राव, मेडिकल ऑफिसर आजाद सिंह, पटवारी गोविंद दांगी की मौजूदगी में क्लीनिक को सील किया गया है।

## जगतगुरु डॉ. वेदांती का आगमन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम के संस्थापक और नगर के संत डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज को प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ में देश के धर्माचार्यों ने रामानंदाचार्य परंपरा के जगतगुरु की उपाधि से अलंकृत किया है। जगद्गुरु बनने के बाद उनका 12 जुलाई को प्रथम नगर आगमन हो रहा है।

डॉ. वेदांती के सम्मान में दोपहर 2 बजे मानस भवन मेला ग्राउंड में क्षेत्रवासियों, व्यापारिक, सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। जगतगुरु डॉ. वेदांती के आगमन को लेकर नगर में सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों द्वारा उनके स्वागत में नगर के प्रमुख मार्गों पर जगह जगह स्वागत द्वार सजाए हैं। आयोजन समिति ने धर्मालुओं, श्रद्धालुओं, विभिन्न संगठनों से जगद्गुरु के सम्मान समारोह में उपस्थित होने की अपील की है। श्री रामानंद हितकारिणी परिषद वेदांत आश्रम ट्रस्ट के सचिव सौरभ सुहाने ने बताया कि जगतगुरु डॉ. वेदांत का काशी से सड़क मार्ग द्वारा शनिवार को नगर में आगमन हो रहा है। सुबह 8 बजे वह तिरंगा चौक स्थित गंज हनुमान मंदिर से होते हुए वेदांत आश्रम जीवाजीपुर पहुंचेंगे। वहां से दोपहर 12 बजे वाहनों के काफिले के रूप में भक्तजन उनकी शोभायात्रा को लेकर दोपहर 2 बजे मानस भवन पहुंचेगें जहां क्षेत्रवासियों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में विभिन्न संगठनों द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह के पश्चात जगतगुरु डॉ. वेदांती के आशीष वचन होंगे। वहीं 13 एवं 14 जुलाई को जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में जगतगुरु डॉ वेदांती के दो दिवसीय प्रवचन एवं दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें डॉ. वेदांती द्वारा सुबह 9 बजे से भक्तों को दीक्षा दी जाएगी एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवचन होंगे।

वेदांत आश्रम के महंत हरिहरदास महाराज ने बताया कि क्षेत्र के लिए यह सौभाग्य है कि इस भूमि से जुड़े हुए किसी संत को सनातन धर्म की प्रमुख पीठ जगतगुरु की उपाधि प्राप्त हुई है। जगतगुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा नगर में ही प्राप्त करने के बाद काशी में उच्च शिक्षा ग्रहण कर कई शैक्षणिक उपाधियां अर्जित कीं और राम मंदिर आंदोलन में भी भाग लिया। वाराणसी के प्राचीन राम मंदिर के वह महंत बनें। वहां उन्होंने संस्कृत विद्यालय की स्थापना की। नगर में भी उन्होंने वेदांत आश्रम में जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय की स्थापना की। जहाँ विद्यालय में बच्चों को आवासीय व्यवस्था के साथ निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

## न्यायाधीश ने सुनाई हत्याकांड के आरोपियों को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




बहुचर्चित मामले अनीला माथुर से आभूषण की लूट एवं हत्याकांड के आरोपियों को न्यायाधीश द्वारा आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है। न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गंजबासौदा द्वारा नगर के एसडीएम बंगले के पीछे आकृति जेम्स कॉलोनी में हुए बहुचर्चित अनीला माथुर से आभूषणों की लूट एवं उनकी हत्या के मामले में आरोपीगण रितिक रघुवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी संतोषी माता मंदिर के पास ग्राम बरेठ, शिवम उर्फ रमन तिवारी उम्र 27 वर्ष निवासी वैष्णोश्री गार्डन के सामने काली पठार, को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 400 भादंवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रूपये जुर्माना, धारा 394/397 भादंवि में 07 वर्ष सश्रम कारावास एवं 2000 रूपये जुर्माना, धारा 201 भादंवि में 03 वर्ष सश्रम कारावास व 1000 रुपए अर्थदण्ड तथा धारा 302/34 भादंवि में आजीवन कारावास एवं 3000 रुपए अर्थदंड से दण्डित किया गया।

घटना दिनांक 21 जून 2023 को फरियादी दीपेश माथुर को जानकारी प्राप्त हुई थी कि मृतिका अनीला माथुर को एसडीएम बंगले के पीछे, आकृति होम्स कॉलोनी में स्थित मकान में किसी अज्ञात व्यक्ति ने सिर में चोट पहुंचायी है. वह घायल पड़ी हैं, तब फरियादी दीपेश माथुर उनके बड़े भाई शैलेन्द्र माथुर के साथ मौके पर पहुंचे, घर के कमरे में उसकी भाभी अनीला माथुर सामने के कमरे में फर्श पर पीठ के बल अचेत पड़ी थीं। उनकी गर्दन में तथा मुंह पर काफी चोट थी, सिर में भी चोट थी काफी खून बह गया था, उनका एक दांत टूटा हुआ फर्स पर पड़ा था। दरवाजे के पास चूडियां टूटी हुई पड़ी थीं। शव के पास एक लकड़ी का पटा रखा हुआ था, जिसमें एक कोने में खून लगा हुआ है। उसकी भाभी अनीला माधुर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने गर्दन, सिर एवं मुह में चोट पहुंचाकर उनकी हत्या कर दी है। घर में भाभी अनीला माधुर और उनका बेटा भूपेश और रूपेश साथ में रहते है।

रिपोर्ट के आधार पर थाना शहर में भादंवि की धारा 302, 304, 450, 201, 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। साक्षीगण के कथनों के आधार पर थाना प्रभारी शहर कुंअर सिंह मुकाती द्वारा आरोपीगण रितिक रघुवंशी एवं शिवम उर्फ रमन तिवारी से पूछताछ की गई। जिसमें उन्होंने मृतिका अनीला माथुर से ओपो कंपनी का मोबाईल, एक जोडी चांदी जैसी धातु की पायल, एक सोने की धातु जैसी सोने की चैन जिसमें पेडल लगा है, एक चांदी का चैन जिसमें चार रुद्राक्ष लगे हुए हैं तथा सोने जैसी धातु की दो कान की बाली की लूट करना तथा लूट के बाद मृतिका अनीला माथुर की हत्या करना बताया। दोनों आरोपियों से चोरी का सामान जब्त किया गया। आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अभियोजन साक्ष्य के पश्चात दोनों पक्षों के अंतिम तर्क हुये जिसमे अपर लोक अभियोजक नरेन्द्र व्यास के तर्कों से तथा प्रकरण में आए साक्ष्य से सहमत होते हुये न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपियों को दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन सश्रम कारावास और अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। आरोपियों को उपजेल बासौदा अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त जानकारी नरेन्द्र व्यास अपर लोक अभियोजक द्वारा दी गई।

## दोपहर बाद नगर में हुई बारिश



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगर में सुबह से लेकर दोपहर तक धूप निकली। धूप निकलने से गर्मी और उमस में बढ़ोत्तरी हुई जिससे लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। वहीं दोपहर बाद मौसम में बदलाव आया और नगर में देर तक बारिश हुई। जिससे मौसम में ठंडक घुल गई।

### विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन



**गंजबासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 20, राजेंद्र नगर में विश्व जनसंख्या दिवस जागरूकता कार्यक्रम के उपलक्ष्य में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्नो मारिया तिग्गा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड गंज बासौदा की उपस्थिति में परिवार कल्याण योजना, लैंगिक समानता, अधिक जनसंख्या से संसाधनों और पर्यावरण पर प्रभाव, मानव तस्कर और बलपूर्वक श्रम करवाने पर प्रतिबंध, बालश्रम, बंधुआ मजदूरी, शिक्षा का अधिकार, चिकित्सा का अधिकार, शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सहायता योजना 2016 के विषयक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, शेर सिंह यादव, सुलेखा पंथी, क्रांति वंशकार, अनीता खरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार अरोरा एडवोकेट द्वारा किया गया।

## उदयपुर में एसडीएम ने बैठक लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शुक्रवार को उदयपुर स्थित नील कण्ठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बैठक आयोजित कर दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम विजय राय, सीईओ तपस्या जैन, शहर थाना प्रभारी संजय वैदिया सहित गणमान्य नागरिक और ग्रामीण मौजूद थे।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि उदयपुर श्रावण मास शुरू होते ही उदयपुर में दूर-दूर से श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने कावड़ लेकर पहुंचते हैं। जिसके चलते श्रावण मास में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ता है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए बैठक ली गई। साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही नल जल योजना का भी निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि उदयपुर में जब से शिव मंदिर पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण हुआ है। तब से यहां श्रद्धालुओं का काफी ज्यादा आना-जाना शुरु हो गया है। बैठक में प्रथम श्रावण सोमवार को देखते हुए व्यवस्थाओं के सरपंच, सचिव और ग्रामीणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा श्रद्धालुओं को पेयजल, दो पहिया वाहन पार्किंग का निरीक्षण किया गया।

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर किया पौधरोपण



**गंजबासौदा।** उदयपुर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम का संकल्प लेते हुए बलराम सिंह रघुवंशी के द्वारा प्रथम गुरु मात-पिता को मानते हुए उन्होंने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपनी मां के नाम एक आम का पौधा लगाया और ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने की अपील की।

### विधायक कार्यालय में हुआ आयोजन

# विधायक ने वितरित की संजीवनी किट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश शासन के विशेष अभियान के तहत विदिशा जिले के कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में पोषण संजीवनी अभियान कुपोषण मुक्त विदिशा चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता से कुपोषण जैसे गंभीर विषय पर सामूहिक प्रयास कर विदिशा जिले को कुपोषण मुक्त बनाना है। कुपोषित बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोषण एवं एनआरसी की सुविधा दी जाती है किंतु कुपोषित बच्चों को शीघ्र कुपोषण से मुक्त करने हेतु इस विशेष अभियान के तहत प्रत्येक कुपोषित बच्चों को तीन माह के लिए विशेष रूप से तैयार पोषण संजीवनी किट का वितरण जन सहयोग से किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा शुक्रवार को विधायक कार्यालय में तीन कुपोषित बच्चों वार्ड 12 निवासी दिति, वार्ड 14 निवासी राधे और वार्ड 18 निवासी सारांश के पालकों को पोषण संजीवनी किट का वितरण किया गया। विधायक ने कलेक्टर द्वारा चलाए जा रहे, विशेष अभियान की सराहना की साथ ही जन सामान्य से अपील की कि वह भी कुपोषित बच्चों को गोद लेकर प्रति कुपोषित बच्चे 3000 रुपए के मान से अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं। उनके द्वारा इस किट के सही उपयोग हेतु पालकों को समझाइश दी गई। विधायक ने इच्छुक व्यक्तियों से एसडीएम कार्यालय या महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय में संपर्क करने की बात कही।

## विश्व जनसंख्या दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के तत्वावधान में विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा गीत कविता भाषण आदि के माध्यम से तेजी से बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के आरंभ में सरस्वती वंदना का गायन किया गया। गायन दल द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात लकी अहिरवार और कृष्णा यादव ने बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं पर आधारित भाषण प्रस्तुत किया। प्रिंस रैकवार और सुहासिनी दांगी ने गीत प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या की चुनौतियों पर प्रकाश डाला तथा स्त्री पुरुष समानता, मानव अधिकारों तथा अच्छे स्वास्थ्य के बारे में भी बताया। स्वयंसेविका छात्रा आन्या सैनी ने कार्यक्रम का संचालन किया। हम होंगे कामयाब गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## 'शिक्षक का ज्ञान हर मोड़ पर काम आता है'



**गंज बासौदा।** गुरु हमे राह चुनने की सीढ़ी है वह हमे सफलता के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। गुरु चिराग की तरह होते हैं, जो शिष्यों के जीवन में रोशनी भर देते हैं। हम मन से बात माने तो कंचन की तरह दमकेंगे। शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे मन रहे गुरूपूर्णिमा के अवसर पर पूर्व छात्रा कंचन अहिरवार ने अपने विचार व्यक्त किए। आरती अहिरवार ने कहा कि गुरू हमारे माता पिता के समान होते हैं, जो हमारे भविष्य को अच्छा बनाने के प्रयास करते हैं। आज का दिन हमे यह सिखाता है कि हमे अपने शिक्षक गुरू का आदर सम्मान करना चाहिए, उनके द्वारा दी गई शिक्षा मन लगाकर ग्रहण करना चाहिए। शिक्षक का दिया हुआ ज्ञान हर मोड़ पर काम आता है। इस अवसर पर शाला की छात्रा देविका गुप्ता, मोहिनी अहिरवार ने कहा कि हमारे शिक्षक बहुत अच्छे हैं। हम एक परिवार जैसे माहौल मे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। हम गुरू के मार्गदर्शन के बिना ना हम अच्छे संस्कार सीख पाते ना ही अच्छी शिक्षा ग्रहण कर पाते। वहीं छात्र जीतेश अहिरवार, मोहित पाल ने कहा कि हमने अपने घर परिवार मे सुना है कि गुरू से हमे ज्ञान शिक्षा संस्कार प्राप्त होते हैं, हमे आगे बढ़ने जीवन यापन करने के रास्ते शिक्षक गुरू से ही मिलते हैं। शिक्षक प्रथ्वी सिंह रघुवंशी, गोपाल दास अहिरवार, रानी रघुवंशी का शाल श्रीफल मालाओं एवं तिलक लगाकर सम्मान किया और कलम भेंट की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि हमने अपने घर और शाला में कोई फर्क नही समझा, शाला में अध्यनरत छात्रों को अपने परिवार का सदस्य समझा, शाला को सर्वसुविधायुक्त बनाकर शिक्षा और संस्कार पर विशेष ध्यान दिया। हम कह सकते हैं कि हमने गुरू शिष्य रिश्ते को पूर्ण ईमानदारी से निभाया है। शाला समय से खुले और बंद हो शिक्षक अपना कर्म ईमानदारी से करें उन्हे सही शिक्षा और मार्गदर्शन मिले यही हमारा प्रयास है।

**खबर संक्षेप**



## दक्ष और रिमशा के प्रथम आने पर कलेक्टर और एसपी ने किया सम्मान

सिरोंज। शिक्षा के क्षेत्र में सिरोंज का नाम ऊँचाइयों तक पहुँचाते हुए संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के दो मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर विदिशा श्री अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया। दक्ष मजूमदार, वाणिज्य संकाय के छात्र ने कक्षा 12वीं में 97.6ज अंक प्राप्त करे जिनमें अकाउंट्स और बिज़नेस स्टडीज़ दोनों विषयों में 100 में से 100 अंक अर्जित कर विदिशा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। दक्ष सिरोंज के छात्र हैं जिन्होंने यह गौरव प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं, रिम्शा फरहत, विज्ञान संकाय की होनहार छात्रा ने 87.6ज अंकों के साथ सिरोंज शहर में प्रथम स्थान प्राप्त कर सफलता प्राप्त की। संस्कार ग्रीन वैली स्कूल, सिरोंज सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, उत्कृष्ट शिक्षा और नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूल को एक नई पहचान दिलाई है।


### अखिल भारतीय तेली महासभा का प्रथम वार्षिक अधिवेशन 20 को भोपाल में

# सामाजिक एकता और समरसता बनाने के लिए सामाजिक चिंतन की होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज







देशभर में साहू तेली राठौर समाज के विकास,एकता और अखंडता के लिए लगातार सक्रियता के साथ कार्य करने वाला एवं लगातार आगे बढ़ने वाला संगठन अखिल भारतीय तेली महासभा है। जो पूरे भारत देश के विभिन्न प्रदेशों में सक्रियता के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। इस श्रृंखला में मध्य प्रदेश राज्य में विगत वर्ष नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राधे श्याम असतोलिया द्वारा लगातार पूरे प्रदेश में दौरे किए जा रहे हैं और साहू तेली राठौर समाज को एकता और अखंडता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

अखिल भारतीय तेली महासभा द्वारा विभिन्न संभागों एवं जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। अखिल भारतीय तेली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधे श्याम आस्तोलिया द्वारा प्रदेश मीडिया प्रभारी पत्रकार श्रीराम साहू को प्रदान की गई जानकारी के अनुसार बताया गया कि अखिल भारतीय तेली महासभा का साधारण अधिवेश 20 जुलाई 2025 को भोपाल में आयोजित किया जाएगा। बैठक अधिवेशन की कार्यवाही सुबह ठीक 9 बजे से 4 बजे तक की जाना निश्चित की जाती गई है। इस बैठक अधिवेशन में सम्पदित किये जाने वाले कार्य प्रस्ताव एजेंडा निम्नानुसार होगें और निर्धारण की जाती है। अखिल भारतीय तेली महासभा के सभी पदाधिकारी महिला प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी, महिला जिला अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी, पुरुष प्रदेश कार्यकारिणी, सभी जिला अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी, युवा प्रदेश कार्य कारणी समस्त जिलो के अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष व कार्य कारणी को सूचित किया गया कि अखिल भारतीय तेली महासभा की प्रथम वार्षिक बैठक दिनांक 20 जुलाई 2025 को रविवार को राजधानी भोपाल में स्थान मानस भवन श्याला हिल्स रोड़ भोपाल में रखी गई है। जो कि सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रखी गई है।

उक्त बैठक में सभी पद अधिकारीयों की उपस्थिती अनिवार्य है। बैठक में उक्त ऐजण्टो पर विचार किया जाएगा। सदन में प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया जावेगा। साथ ही एक वर्षीय कार्य योजना एवं सदस्यता अभियान पर चर्चा। अखिल भारतीय महासभा का पंजीयन करवाने अध्यक्ष,कोषाअध्यक्ष, सचिव का बैंक खाता खुलवाने पर विचार किया जाएगा। रसिद बुक छपवाने पर विचार होगा। भारत सरकार मध्यप्रदेश सरकार से ओ.बी.सी. 27 प्रतिशत आरक्षण पर विचार और मृत्यु भोज समाज में बंद करने,मृत्यु भोज में कपडा प्रथा एवं गिफ्ट बंद करने पर विचार के साथ शादी-सुदा युवक एवं युवतीयों के तलाक प्रथा बंद करने के लिये हर जिले एवं तहसील स्तर पर पंच परमेश्वर योजना लागु करने पर विचार किया जाएगा। हर वर्ष वर्षाकालीन में आराध्य देवी मां कर्मा भक्त शिरामणी एवं दुर्गा दास जी के नाम से 5-5 पौधे हर पदाधिकारी वृक्षारोपण करने पर विचार।

मध्यप्रदेश के सभी जिलों में संभागस्तरीय, प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामुहिक विवाह सम्मेलन करवाने पर विचार। मध्यप्रदेश के सभी जिलो में 10वी व 12वी कक्षा में 75 प्रतिशत अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चो को सम्मलित करने एवं अधिकारी व कर्मचारी एसआई,यूपीएससी की परिक्षा पास करने पर उनका सम्मान। मध्यप्रदेश के सभी जिलों में दुर्गादास जी एवं मां कर्मा की मुर्ति जिला स्तर पर मध्यप्रदेश शासन से अनुमति लेने पर विचार। तेली समाज के बेरोजगार युवक-युपतीयों को मध्यप्रदेश शासन के तेल घांणी बोर्ड से सभी योजनाओं का लाभ मप्र शासन से दिलवाने पर विचार। हर जिले में तहसील व गांव स्तर पर धर्मशाला एवं छात्रावास आदि पर चर्चा की जाएगी।

# हम हॉकी प्रेमी ऐतिहासिक टूर्नामेंट के संरक्षक बनें: असलम शेर खान

**पूर्व केंद्रीय मंत्री ने की हरिभूमि से चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



पूर्व केन्द्रीय मंत्री एंव हॉकी प्रेमी असलम शेर खान ने हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैन से चर्चा में कहा कि ओबेदुल्लाह ख़ान गोल्ड कप जो कभी भारतीय हॉकी की धड़कन था, 1931 में भोपाल में जन्मा आज गुमनामी में खो गया है। यह वह टूर्नामेंट था जिसने न जाने कितने खिलाड़ियों को मंच दिया, देश को गौरव दिलाया और हमारे लोगों को गर्व का एहसास कराया। लेकिन आज उसे वही सरकार नज़रअंदाज़ कर रही है, जिसे उसका संरक्षक होना चाहिए था। मैंने भारत के लिए हॉकी के मैदान पर लड़ाई लड़ी है। लेकिन आज मैं एक और ज़्यादा निजी लड़ाई लड़ रहा हूँ हमारी हॉकी विरासत को बचाने की लड़ाई। मध्य प्रदेश सरकार की इस टूर्नामेंट को दोबारा शुरू करने में कोई रुचि नहीं है। लेकिन मुझे विश्वास है कि हम, जो इस खेल से सच्चा प्यार करते हैं, इसे फिर से जीवित कर सकते हैं। उन्होने हॉकी प्रेमियो से अपील करते हुए कहा कि अब और प्रतीक्षा न करें। उपेक्षा के आगे झुकें नहीं। हम हॉकी प्रेमी इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट के संरक्षक बनें। हमारा लक्ष्य है कि इस वर्ष के अंत तक हम अपने बलबूते पर इतना फंड जुटा सकें कि टूर्नामेंट का आयोजन हो सके। स्वतंत्र रूप से, गर्व के साथ और हॉकी की आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए। अगर इस खेल ने कभी आपके दिल को छुआ है अगर आपको ऐशबाग का भरा हुआ स्टेडियम याद है, या राष्ट्रीय टीम में भोपाल के खिलाड़ियों का सम्मान महसूस किया है तो मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि आज मेरे साथ खड़े हों और ओबैदुल्लाह ख़ान गोल्ड कप को वापस लाए। अपने इतिहास को सम्मान दें और अगली पीढ़ी को प्रेरणा दे। यदि आप इस पहल में सहयोग या योगदान देना चाहते हैं,तो कृपया मुझे मैसेज करें। मैं वादा करता हूँ कि आपका हर एक रुपया इस महान हॉकी टूर्नामेंट को फिर से जीवंत करने में लगेगा।

## 10वीं और 12वीं उत्तीर्णों की संस्था स्तर काउंसलिंग से प्रवेश शुरू




सिरोंज। नगर के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी प्रारंभ हो गई है। जिसके लिए 18 जून से 13 अगस्त रात्रि 11.45 बजे तक आनलाईन रजिस्ट्रेशन हों रहे हैं। साथ ही संस्था में प्रवेश के अवसर 2 जुलाई से 13 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को सुबह 10.30 से सायं 5.30 बजे तक होंगे। संस्था प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय में उपस्थित होकर संपर्क कर सकते हैं।

## मुनिश्री सुधा सागर महाराज की आगवानी करने सिरोंज से अशोकनगर पहुंचे हजारों श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज




पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,मंत्री सौरभ जैन गुलाबगंज ने अशोक नगर पहुचकर मुनि श्री 1008 सुधा सागर महाराज से पचखनी जैन मंदिर के निर्माण के संबंध में मार्गदर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर सौरभ जैन ने बताया कि अशोकनगर में गुरूवर मुनि श्री सुधा सागर महाराज की आगवानी के लिए सिरोंज से बडी संख्या में उनके भक्तगणो ने उनकी आगवानी की। वही उन्होने कहा कि अशोकनगर में हुई मुनि श्री की भव्य आगवानी ने सारे रिकार्ड तोड दिए। तो वही यह आगवानी एक इतिहास बन कर रह गई। वैसे तो मुनि श्री जहा में पहुचते है तो उनके साथ ही हजारो की संख्या में भक्त उनके साथ दिखाई देते है। लेकिन जैसे ही मुनि श्री की आगवानी अशोकनगर में हुई तो एक बडी संख्या में जनसैलाब देखा गया। मुनि की एक झलक पाने के लिए हजारो नागरिक घंटो एक स्थान पर खडें नजर आए। जिन्होने मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### क्षेत्र में काम कराने की उठाई मांग

## विकास कार्यों की चर्चा करने विधायक कार्यालय पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता



सिरोंज। भाजपा पथरिया मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने कुरवाई पहुचकर विधायक हरि सिंह सप्रे का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने पथरिया मण्डल में चल रहे विकास कार्यो को लेकर विधायक श्री सप्रे से चर्चा की।

### जनसंख्या नियंत्रण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण विषयों पर चर्चा

## जनकपुर मा. शाला में हुआ विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर से लगी ग्रापं. जनकपुर के शा. माध्यमिक विद्यालय में जन संख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बाल रक्षा भारत टीम के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के दौरान जन संख्या नियंत्रण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पोषण आहार जैसे विषयों पर वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा की। छात्र-छात्राओं को बाल रक्षा भारत टीम की ओर से सरपंच द्वारा सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इसी के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में बाल रक्षा भारती परियोजना के समन्वयक दीपेन्द्र सिंह तोमर, फील्ड कॉआर्डिनेटर केसर अजीम, सिद्धार्थ चौहान की विशेष उपस्थिति रही। बीआरसी आरसी राजपूत, सरपंच प्रवीण कुशवाहा, राकेश वर्मा प्रधानाचार्य, शिक्षक सचिन राय, यशोदा घुरे, गीतांजली रघुवंशी, संध्या अर्मा, प्रीतेश घुरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रीतेश घुरे, आशा कार्यकर्ता अनुराधा कुशवाहा के साथ ग्रामीणों, छात्रों की उपस्थिति रही। समाज में जनसंख्या नियंत्रण, स्वास्थ्य, पोषण आहार और शिक्षा जैसे विषयों पर समाज में चेतना जागरूकता के प्रयासों में सभी उपस्थितों की सहभागिता बनी रही।



## शा. महाविद्यालय मे हुआ गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम

बरेली। शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया।
महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. हरिनारायण शर्मा, सेवानिवृत प्राध्यापक हिन्दी एवं डॉ. जयन्ती सोनवानी, सह प्राध्यापक समाजशास्त्र को आमंत्रित कर गुरू शिष्य परंपरानुसार सम्मान किया गया। भारतीय ज्ञान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विषय पर दौनों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष संदीप चौहान ने आमंत्रित अतिथियों का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज दुबे अन्य प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### राज्यमंत्री पटेल ने लिया साधु संतों से आशीर्वाद

## आश्रमों, मंदिरों में हुए गुरु पाद पूजन के कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

भारतीय संस्कृति में अनादिकाल से गुरू शिष्य परंपरा और गुरूओं द्वारा ज्ञान देने आश्रमों की व्यवस्था चली आ रही है। महर्षि वेद व्यास के प्रगटोत्सव गुरूपूर्णिमा पर नर्मदा क्षेत्र के आश्रमों, मंदिरो एवं नगर के विभिन्न स्थानों पर गुरू पाद चरण वंदना, पूजन के कार्यक्रम उत्साहपूर्वक हुए। क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने गुरूओं, संतो के आश्रमों में पहुंच कर चरण वंदनो करन के साथ आर्शीवाद प्राप्त किया। क्षेत्र के ख्याति प्राप्त प्राचीन शिव स्थान बापौली धाम, माँ नर्मदा के उत्तर तट स्थित महामण्लेश्वर धाम मांगरोल, माँ नर्मदा प्रज्ञा शक्ति धाम पुलघाट के साथ नगर में विराजित गुरूओं के पास भारी संख्या में शिष्यों ने पहुंच कर चरण, गुरू वंदना करते हुए आर्शीवाद प्राप्त किया। संस्कृत पाठशालाओं में गुरूपूजन - नबावी शासन के समय से ऐतिहासिक प्राचीन पुरातत्व महत्व के ख्याति प्राप्त जामगढ़ की ऋषीश्वर संस्कृत पाठशाला, नर्मदा तट स्थित बगलवाडा की संस्कृत पाठशाला के साथ बापौली धाम में पू. लाल बाबा जम्मू वाले महाराज द्वारा संचालित संस्कृत पाठशाला में वैदिक मंत्रों के साथ गुरूचरण वंदना पूजन के कार्यक्रम हुए।

बापौली शिवधाम में नर्मदा क्षेत्र के साथ अन्य स्थानों से आए एवं नगर से पहुंचे शिष्यों की गुरूपूजन के लिए सुबह से रात्रि तक उपस्थिति बनी रही। इसी प्रकार मांगरोल में पू. ब्रम्हचारी जी के आश्रम नर्मदा पुल के पास पू. प्रज्ञा भारती के आश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ गुरूपूजन, वंदना कार्यक्रम हुए। नगर में बडे भैया समनापुर वालों एवं महेश्वर वाले गुरूजी पं. बालमुकुंद शास्त्री, पं. चन्द्रकांत शास्त्री एवं गौरा वाले ब्रम्हचारी जी के आश्रम पहुंच कर हजारों शिष्यों ने गुरूओं, संतो का आर्शीवाद लिया। आश्रमों में पहुंचे शिष्यों के लिए भोजन, प्रसादी की व्यवस्था भी रही।

**In The Court Of II Civil Judge Class-I, Sironj District Court, Vidisha**

Presiding Officer : श्रीमति मोना शुक्ला पाण्डेय
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उतराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000003/2025)
शबनम बी .................... आवेदक
Vs
सर्व साधारण .................. अनावेदक
Process Id- /2025
पेशी दिनांक :- 14/08/2025

प्रेषिती-
(1) सर्व साधारण पता- सिरोंज जिला विदिशा
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शवनम बी पुत्री मुज्जफर अली पति आरिफ खां, निवासी- वार्ड क्रमांक 04 सिरोंज जिला विदिशा म.प्र. ने मृतक मुज्जफर अली पिता उस्मान अली, निवासी-इकरा कॉलोनी वार्ड क्र. 01 सिरोंज जिला विदिशा की पी.पीओ.एम.पी./ बी.पी.एल./7148 की भविष्य निधि की राशि 64,100/- रुपये जो कि पी.एफ.ओ. में जमा है, उक्त राशि प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 14 August 2025 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदिका को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 14 August 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 03 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश श्रीमति मोना शुक्ला पाण्डेय
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सिरोंज
जिला- विदिशा (म.प्र.)

### नर्मदा मैया में बाढ़ की स्थिति, निचले पुल-पुलियों पर आया पानी

# चौबीस घंटे थमे बदरा फिर चला बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले एक सप्ताह में 24 घंटो से अधिक समय तक बारिश न होने से क्षेत्र के निवासी राहत महसूस करने लगे थे। कि बुधवार की रात में एवं गुरूवार को हुई बारिश ने संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र को पानी से तरबतर कर दिया। बरगी डेम के गेट खोले जाने से नर्मदा मैया में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। नर्मदा किनारे बसे ग्रामों के निचले हिस्सों, पुल पुलियों के पानी में डूब जाने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

आषाढ़ माह जून जुलाई के महिनें में संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में रिकार्ड तोड बारिश की स्थिति रही। बारिश पूर्व जो नदी नाले सूखे और रेत दिखलाई दे रही थी, पिछले दिनों मे हुई जोरदार बारिश के कारण अब उफान मार रहे है। लगातार बारिश के कारण लोगो का घरो, गांवो से बाहर निकलना भी कठिन बना रहा। उम्मीद से अधिक भारी बारिश से संपूर्ण क्षेत्र में पानी ही पानी अत्याधिक नमी और खेतों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।



पुलियों पर आया पानी - बरगी डेम के 13 गेट खोले जाने का देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के नर्मदा किनारे बसे ग्रामों में व्यापक असर बना हुआ है। नर्मदा का पानी ग्रामीण क्षेत्र के निचले हिस्सों में भर जाने के साथ नालों का बहाव नर्मदा की ठेल से रूक जाने के कारण ग्रामीण रास्तों पर बनी पुलियों पर पानी आ जाने की परेशानियों भरी स्थिति का सामना ग्रामीणों को करना पड रहा है। मांगरोल पहुंच मार्ग, कामतौन से मेहरागांव, उदयगिरी पांजरा काशीराम, जामगढ़ भगदेई मार्ग, उंटिया छबारा मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। अपनी जान जोखिम में डाल कर ग्रामीण इन पानी में डूबे पुलियों को पार कर रहे है। बारना, घोघरा, तेदौनी, इक्यावन नदियों एवं ग्रामीण नालों का निरंतर जल स्तर बढ़ रहा है।

## कॉलोनियों की सड़कों व खाली प्लॉटों में भरा पानी, पनप रहे कीड़े मकोड़े और मच्छर



बरेली। निरंतर हो रही बारिश अब नगर एवं क्षेत्र के निवासियों के लिए परेशानियों का कारण बनने लगी है। नगर से लगी कृषि भूमियों पर पिछले वर्षो में अवैध कालौनियों की तेजी से संख्या बढ़ी। अपने घर का सपना देखने वालों ने कालौनियों में प्लाट खरीदे, मकान भी बना कर निवास करने लगे परंतु पानी निकासी की माकूल व्यवस्था न होने से अब वैद्य अवैध कालौनियों में बारिश के भरे पानी के बीच निवास करना मजबूरी हो रहा है। नगर सीमा से लगी ग्रापं.धोखेड़ा के गुरारिया रोड, ग्रापं. कामतोन में उदयपुरा रोड के दौनो और कालौनियों की भरमार बनी हुई है। कृषि भूमियों को इन ग्रापं. में छोटे-छोटे भूखण्डो (प्लाट) के रूप में बैंचे गए। जिन किसानों ने प्लाट बैंचे उनके द्वारा सडको, नालियों के पानी निकासी और बिजली जैसी आवश्यक आवश्यकताओं की कोई व्यवस्था नहीं की गई। प्रतिवर्ष वर्षाकाल के दौरान इन अवैध कालौनियों में जल भराव की बडी समस्या रहती है। नगर सीमा के भीतर भी अवैध कालौनी, कृषि भूमियां पर बना दी गई। भूमि स्वामियों द्वारा पानी निकासी के नालों की भूमियों को भी बैंच दिए जाने से सबसे अधिक परेशानी दालमिल मोहल्ला, फ्री नगर बिढुआ कालौनी, प्रेम नगर कालौनी, किनगी रोड चैनपुर रोड, महेशपुरम के निवासियों को उठाना पड रही है। सडको पर पानी, आवागमन कठिन - अवैध, कृषि भूमियों पर बनी कालौनियों में पानी निकासी की नालियां न होने से बनी सडको पर ही पानी भरने की स्थिति से जोखिम भरी स्थिति बनी हुई है।

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) — 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB — 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma — 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ
अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR,Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Ouration 3 year Affillated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affillated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

iti.kbtgroup.in
K.B.T.
PRIVATE ITI
Institute Code - PR23000909
NCVT नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
NH-146,Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ELECTRICIAN 2 Years 10th & 12th Pass (Math/Science)
HEALTH SANITARY INSPECTOR 1 Year-10th Pass
City Office : Cist College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481,796042,9893708149

# मुश्किल डगर बनी दफ्तरों की / जरूरी कामकाज निपटाने लोगों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रिमझिम और झमाझम बारिश के चलते सरकारी दफ्तरों की डगर भी अब मुश्किल हो गई है। यहां दफ्तरों में जरूरी काम का निपटान आने वाले लोगों को घुटनों तक भरी कीचड़, पानी से गुजरना पड़ रहा है। विभाग प्रमुखों ने रास्ते में भरे घुटनों तक पानी के निकासी के कोई ठोस इंतजाम नहीं किए हैं।

आरईएस विभाग, जिला व उप पंजीयक विभाग सहित जिला शिक्षा केन्द्र रायसेन, जिला शिक्षा विभाग समेत सांदीपनि स्कूल की डगर आसान नहीं बची है। आमजनों सहित स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यहां आने वाले लोगों ने बताया कि दफ्तरों के जिम्मेदार अधिकारियों ने पानी निकासी के इंतजाम नहीं किए है। जिससे आफिस जाने से पहले कीचड़, पानी से गुजरना पड़ रहा है।

जिला शिक्षा केंद्र



डीईओ पहुंच मार्ग



आरईएस विभाग



## व्यवस्था अधूरी, मूंग बेचने के लिए परेशान हो रहे अन्नदाता

# 56 मूंग खरीदी केंद्र हुए स्वीकृत लेकिन 44 पर हो रही है खरीदी

- 85 हजार मीट्रिक टन मूंग खरीदी के लिए जिला विपणन विभाग ने बनाया लक्ष्य
- पहले चरण में 40 हजार से ज्यादा किसानों से खरीदी जाएगी मूंग, खरीदी की तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला विपणन विभाग द्वारा अब 7 जुलाई सोमवार से समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी का काम शुरू शुरू हो गया है, जो 8 अगस्त तक किसानों से मूंग खरीदी जाएगी। मालूम हो कि कई दिनों से किसान मूंग खरीदी शुरू करने की मांग करते चले आ रहे थे। जिन किसानों को उपज जल्दी बेचना था उन्होंने कम भाव में इसेअनाज कारोबारियों को कृषि उपज मंडी में बेचा। जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

सरकार ने मूंग खरीदी के लिए पंजीयन का शुभारंभ भोपाल से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से किया। शुभारंभ के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 5 जिलों के मूंग उत्पादक किसानों से बात की। श्री चौहान ने तीसरी फसल के रूप में गर्मी में मूंग की खेती की लागत और मुनाफे के बारे में जानकारी लेते हुए खेती को लाभकारी धंधा बनाने के बारे में बात की।

किसानों ने सरकार द्वारा पहली बार समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी को किसान हितैषी तथा सराहनीय कदम बताया। पहले चरण में जिले के 40 हजार से ज्यादा किसानों को फायदा मिलेगा। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए पंजीयन का काम चल रहा है। इसके लिए जिले में 56 मूंग खरीदी केंद्र



बनाए हैं, जहां किसान अपना पंजीयन करा रहे हैं। इसके लिए मूंग उत्पाद किसानों का पंजीयन 8 जून से शुरू हो गया था।

### अफसरों ने अमानवीयता की उन्हें दंड मिलेगा : शिवराज


किसानों की एक एक मूंग का दाना प्रदेश सरकार खरीदेगी। खरीदी में गड़बड़ी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला विपणन विभाग के एमडी कल्याण सिंह ठाकुर ने बताया कि किसानों के मूंग खरीदी के लिए पंजीयन 19 जून से 5 जुलाई तक ऑनलाइन तरीके से किए गए। स्लॉट बुकिंग के बाद किसानों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। मूंग समर्थन मूल्य पर 8 हजार 682 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी जाएगी।

इस बार मूंग बेचने के लिए किसानों ने पिछले साल की तुलना में ज्यादा कराए हैं। विभाग के एमडी कल्याण सिंह ठाकुर ने बताया कि समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में जिला कोआपरेटिव बैंक की सीईओ अंजुलि धुर्वे, सहकारिता एवं उप पंजीयक अधिकारी बाघमारे सोसाइटियों वेयरहाउस, उप संचालक कृषि विभाग अधिकारी केएस भगत की सराहनीय भूमिका रहेगी।मप्र के रायसेन जिले में भी पिछले कुछ सालों से एमएसपी रेट पर मूंग खरीदी की जा रही है।

### मूंग उपार्जन कार्य संपन्न कराने के निर्देश

विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुपालन में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा जिले में 44 केन्द्र उपार्जन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जिला विपणन विभाग के नवागत डीएमओ कल्याण सिंह ठाकुर ने बताया कि इन उपार्जन केन्द्रों में शासन के निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और उपार्जन नीति अनुसार मूंग उपार्जन कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। शासन द्वारा उपार्जन अवधि 7 जुलाई से 8 अगस्त 2025 तक निर्धारित की गई है।

# ट्रेन से टकराकर तेंदुआ की मौत वन विभाग की लापरवाही आई सामने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

शुक्रवार को दीवानगंज रेलवे स्टेशन के समीप भदभदा के पास रेलवे ट्रैक पर एक तेंदुआ मृत पाया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार सुबह दीवानगंज रेलवे स्टेशन के पास भदभदा घाट पर हुई। सुदीप मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि तेंदुआ रात के समय रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई है। सुबह जब रेलवे ट्रैक पर तेंदुआ का शव देखा गया तो वन विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया। घटना स्थल पर वन विभाग के आला अधिकारी पहुंचे और तेंदुआ के शव को उठाकर ले गए।

पिछले कुछ समय से दीवानगंज और भदभदा के जंगलों में तेंदुओं की दहशत लगातार बनी हुई है, क्योंकि वे पालतू जानवरों का लगातार शिकार कर रहे हैं। दीवानगंज क्षेत्र में अब तक तेंदुआ 25 से ज्यादा पालतू जानवरों का शिकार कर चुके हैं। वन विभाग ने जंगली क्षेत्र में कुछ संकेतक बोर्ड लगाए हैं, लेकिन निगरानी की कमी है। यह घटना एक बार फिर वन्य जीवों के संरक्षण और रेलवे ट्रैक्स पर सुरक्षा के महत्व को उजागर करती है।

# 21 क्वार्टर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 21 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे के निर्देशन, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी एवं चौकी प्रभारी सुनील शर्मा के नेतृत्व में की गई।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ढोलाघाट से अंबाड़ी मार्ग पर एक व्यक्ति कार्टून में अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक दिनेश राजपूत मौके पर पहुंचे और आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ और कार्टून की जांच करने पर उसमें 21 क्वार्टर अवैध शराब पाई गई। पुलिस ने मौके से शराब ज़ब्त कर आरोपी गेंदालाल अहिरवार, निवासी बालमपुर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जांच जारी है।



सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। स्कूल, कॉलेजों के आसपास स्थित दुकानों की नियमित जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### रविवार को होगी चातुर्मास कलश की स्थापना

**सिलवानी।** युवावस्था में संयम धर्म का पालन करने से भावो में सकारात्मकता आती है विशुद्धि का समावेश होता है, वृद्धावस्था के समय जीवन में शांति का अनुभव होता हैं। जीवन में नीरसता नहीं आती है। यौवन अवस्था में तप करने से कर्मा की निर्जरा होती है। यह उद्गार मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने व्यक्त किए। वह शुक्रवार को पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित धर्म सभा की कड़ी में समाजजनो को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को कभी भी किसी भी तरह की चिंता नही करना चाहिए। चिंता करने से चिंता रुपी चिंगारी में जल कर शरीर भस्म हो जाता है।

### सिक्योरिटी गार्ड भर्ती के लिए पंचायतों में शिविर

**रायसेन।** जिले में सिक्यूरिटी स्किल काउंसिल इंडिया लिमिटेड द्वारा जनपद पंचायत स्तर पर जिला पंचायत और मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में संस्था एसएससीआई नीमच द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराते हुए सुरक्षा गार्ड और सुपर वाईजर पद पर युवाओं का चयन किया जाएगा। जिले की जनपद पंचायत बेगमगंज में 22 जुलाई को, गैरतगंज में 23 जुलाई को, सिलवानी में 24 जुलाई को, उदयपुरा में 25 जुलाई को, जनपद पंचायत बाड़ी में 28 जुलाई को, जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में 29 जुलाई को, जनपद पंचायत सांची में 30 जुलाई को भर्ती शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायतों में यह भर्ती शिविर जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित किए जाएंगे। इनके अतिरिक्त 31 जुलाई को रायसेन में जिला रोजगार कार्यालय में भर्ती शिविर आयोजित किया जाएगा।

# कलेक्टर ने की पंचायत के विकास व निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण और विकास कार्यों, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण कराएं। साथ ही शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर ग्रामीणों तक सुगमता से योजनाओं का लाभ पहुचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री



आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, अमृत सरोवर, आयुष्मान भारत, स्वरोजगार योजनाओं का क्रियान्वयन, स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित की जा रहीं आजीविका गतिविधियों तथा बैंक लिंकेज, विभिन्न योजनाओं तथा निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू भदौरिया द्वारा भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में संबंधित विभागों के अधिकारी, जनपद सीईओ, उपयंत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिना हेलमेट पहने बाइक चालकों के बनाए चालान, मचा हड़कंप

चार वाहन चालकों पर कार्रवाई कर एक हजार 400 रुपए समन शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शुक्रवार को भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर पुलिस ने दो पहिया व चार पहिया वाहनों का जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, एएसआई सुनील शर्मा और पुलिस बल द्वारा दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट और चार पहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट की जांच की गई।

4 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 1400 रुपए समन शुल्क वसूला गया है। वाहनों की जांच कार्रवाई से चालकों में हड़कंप मच गया। वाहन चालक कार्रवाई से बचने के लिए रास्ता बदलकर भी जाते नजर आए।



सलामतपुर थाने के प्रभारी का कहना है कि दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाना अनिवार्य है।

बगैर हेलमेट लगाकर वाहन चलाने पर चालान काटकर जुर्माना वसूला जा रहा है। वहीं बिना सीट बेल्ट कार चालकों पर भी पुलिस ने कार्रवाई की है। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान समन शुल्क वसूल किया गया।

कार्रवाई में मुख्य रूप से पुलिस ने हेलमेट व सीट बेल्ट को लेकर वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की और जुर्माना वसूल किया। वहीं उन्होंने बताया कि हेलमेट लगाकर वाहन चलाने में चालक सुरक्षित यात्रा करता है। हादसे की स्थिति में वाहन चालक ने हेलमेट लगाए रहता तो उसे सिर की गंभीर चोट नहीं लगती और उसकी जान भी बच जाती है। इसलिए हेलमेट लगाकर दो पहिया चलाना अनिवार्य किया गया है। बगैर हेलमेट लगाकर वाहन चलाने पर चालान काटकर जुर्माना वसूला जा रहा है।

**इनका कहना है**

भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर 4 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। जिसमे 1400 रुपए समन शुल्क वसूला गया है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

- दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।

# सावन माह प्रारंभ, शिवालयों में भक्तों ने किया पूजन अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शुक्रवार से भगवान शिव का प्रिय माह सावन प्रारंभ हो गया है, सावन माह के प्रथम दिवस श्रद्धालु शिवालय पहुचें तथा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। नगर में बजरंग चौराहा, लोनिवि परिसर, शिव मंदिर गांधी आश्रम, राम मंदिर सहित अन्य स्थानो पर स्थित मंदिरो में पहुंच कर शिव भक्तो ने भगवन शिव की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर अनुष्ठान पूर्ण किए। सावन माह का समापन 9. अगस्त को होगा।

पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने बताया कि भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए तांबे का लोटा, गंगाजल, घी, दूध, दही, मिश्री, शहद, चंदन, बिल्व पत्र, चावल, जनेऊ, आंकड़े के फूल, धतूरा, भोग के लिए मिठाई, दूर्वा, अबीर, गुलाल, भांग, भस्म, देवी पार्वती के लिए लाल चुनरी, कुमकुम, चूड़ियां, सिंदूर आदि सामग्री होती है।उन्होने पूजा करने की विधि बताई कहाकि सुबह स्नान के बाद मंदिर में शिव पूजा करने का संकल्प लें। प्रथम पूज्य गणेश जी की पूजा करें। गणेश जी को स्नान कराएं। दूर्वा, हार- फूल चढ़ाएं। लड्डू का भोग लगाएं। धूप दीप जलाएं। आरती करें।

गणेश पूजन के बाद पानी में थोड़ा गंगाजल मिलाकर शिवलिंग और देवी पार्वती का अभिषेक करें। दूध, दही, घी, शहद और मिश्री मिलाकर पंचामृत बनाएं। पंचामृत से भगवान का अभिषेक करें। पंचामृत के बाद साफ जल से शिवलिंग और देवी मां का अभिषेक करें।शिवलिंग पर चंदन, हार फूल, बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल, अबीर, गुलाल, जनेऊ वस्त्र आदि पूजन सामग्री चढ़ाएं। श्रृंगार करें। देवी पार्वती को लाल चुनरी, चूड़ियां, कुमकुम, सिंदूर, लाल फूल चढ़ाएं।

## गंदा पानी पीने से हो रही फ्लोरिसिस की बीमारी, पानी जांच के लिए भेजा

# कई स्कूली बच्चों में मिले फ्लोरिसिस बीमारी के लक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएन मांडरे के निर्देश पर विकासखंड सिलवानी के जैथारी, फूलपुर एवं छिंद ग्राम के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की टीम में डॉ एमडी भारती जिला फ्लोरोसिस नोडल अधिकारी और राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम टीम के डॉ इमरान खान के साथ संयुक्त रूप से टीम द्वारा बच्चों का फ्लोरोसिस परीक्षण किया गया, जिसमें कई बच्चे संभावित डेंटल फ्लोरोसिस से ग्रसित मिले। जो बच्चे प्रभावित मिले उनका यूरीन सैंपल टेक्नीशियन डेनिस जार्ज के द्वारा लिया गया, जो बच्चे जिस जलस्त्रोत का पानी पी रहे हैं उनके पानी का सैंपल लिया गया।

जिनकी जांच जिला फ्लोरोसिस लैब जिला चिकित्सालय रायसेन में की जाएगी। साथ ही सभी संभावित डेंटल फ्लोरोसिस से



प्रभावित बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है। उनका आवश्यक उपचार के रूप में डॉक्टरों की टीम द्वारा कैल्शियम विटामिन सी एवं मल्टीविटामिन की दवाइयां उपलब्ध कराई गई। साथ ही डॉ भारती द्वारा ग्रामीणों एवं स्कूल शिक्षकों, स्कूली बच्चों को विस्तार से फ्लोरोसिस बीमारी के बारे में पेंपलेट पोस्टर के माध्यम से बताकर जागरूक किया एवं फ्लोरोसिस बीमारी से बचने के उपाय बताए गए। जिसमें बताया गया कि दवाइयों के साथ-साथ अपने दैनिक जीवन में दूध दही एवं हरी सब्जियों का इस्तेमाल ज्यादा करें पीने के पानी में एक पीपीएम से ज्यादा फ्लोराइड वाले पानी का इस्तेमाल पीने में ना करें। अगर आप एक



पीपीएम से ज्यादा फ्लोराइड वाले पानी का इस्तेमाल पीने में करते हैं तो व्यक्ति फ्लोरोसिस बीमारी से ग्रसित हो सकता है। जिसमें तीन प्रकार के फ्लोरोसिस रोग हो सकते हैं। डेंटल फ्लोरोसिस, स्केलटन फ्लोरोसिस एवं नॉन स्केलटन फ्लोरोसिस रोग हो सकते हैं।

इस मौके पर शिक्षक एवं ग्रामीण जनों के साथ स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ, एएनएम, आंगनबाड़ी आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे।